नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **38**

**V-110(D&D)**

No. of Printed Pages – **8**

# व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा-IX) (मूक-बधिर) परीक्षा, 2017

## लेवल – प्रथम वर्ष

## विषय – माइक्रो इरिगेशन टेक्नीशियन (एग्रीकल्चर) (D&D)

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक: 30**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द-सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के दो पृष्ठ तक उत्तर लिखें ।

## खण्ड – (अ)

**प्रश्न सं. 1 से 10 तक में दिये गये बहुविकल्पी प्रश्नों के उचित उत्तर को उत्तर पुस्तिका में सारणी बनाकर लिखें।** **$(10 \times \frac{1}{2} = 5)$**

1. भारत में मुख्यत: कितने प्रकार की मिट्टियाँ पायी जाती हैं ? $\frac{1}{2}$

   (अ) 2 (ब) 6

   (स) 4 (द) 5

2. लोबिया किस प्रकार की खाद का उदाहरण है ? $\frac{1}{2}$

   (अ) हरी खाद (ब) कम्पोस्ट खाद

   (स) पशु अहाता खाद (द) केंचुआ खाद

3. संचार हेतु भाषा कौशल होना चाहिए – $\frac{1}{2}$

   (अ) सुनना (ब) बोलना

   (स) पढ़ना (द) उपरोक्त सभी

4. निम्नलिखित में से संचार को प्रभावित नहीं करता है – $\frac{1}{2}$

   (अ) पर्यावरणीय कारक (ब) व्यवहार कारक

   (स) शोर (द) आंतरिक कारक

5. कृषि क्षेत्र वर्तमान में भारत में उपलब्ध पानी का कितने प्रतिशत उपयोग में लेता है ? $\frac{1}{2}$

   (अ) 80 प्रतिशत (ब) 90 प्रतिशत

   (स) 60 प्रतिशत (द) 70 प्रतिशत

6. फव्वारा सिंचाई हेतु आवश्यक संसाधन है – $\frac{1}{2}$

(अ) वर्षागन (ब) प्रभाव फव्वारा

(स) लीनियर मूव (द) उपरोक्त सभी

7. आपदाएँ कितने प्रकार की होती हैं ? $\frac{1}{2}$

(अ) 2 (ब) 3

(स) 4 (द) 6

8. बेरोमीटर निम्नलिखित में से किसे मापने में काम आता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) वर्षा की मात्रा (ब) वायु दाब

(स) वायु की गति (द) वायु की दिशा

9. निम्नलिखित में से निराई का उपकरण नहीं है – $\frac{1}{2}$

(अ) हैण्ड हो (ब) पेडी वीडर

(स) डिबलर (द) वीडर हैरो

10. निम्नलिखित में से 20 सेन्टीमीटर से अधिक गहरी जुताई को कहते हैं – $\frac{1}{2}$

(अ) उथली जुताई (ब) मध्यम जुताई

(स) गहरी जुताई (द) ग्रीष्मकालीन जुताई

## खण्ड – (ब)

**प्रश्न सं. 11 से 30 तक के प्रश्नों के उत्तर अधिकतम एक पंक्ति में दीजिए ।** **($10 \times \frac{1}{2} = 5$)**

11. वर्षा मापने के लिए प्रयुक्त होने वाले यंत्र का नाम लिखिए । $\frac{1}{2}$

12. किसी एक नकदी फसल का नाम लिखिए जो राजस्थान में उत्पादित की जाती है । $\frac{1}{2}$

13. पौधों के लिए विकास का अनुकूल तापमान डिग्री सेल्सियस में लिखिए । $\frac{1}{2}$

14. फसल उत्पादन में मृदा कौन सा कारक कहलाता है ? $\frac{1}{2}$

15. सबसे आम वायु का वेग मापने वाले यंत्र का नाम लिखिए । $\frac{1}{2}$

16. पौधों में कार्बोहाइड्रेट के रूप में भोजन निर्माण की प्रक्रिया को क्या कहते हैं ? $\frac{1}{2}$

17. बीज, पराग का प्रकीर्णन किस माध्यम से होता है ? $\frac{1}{2}$

18. नाइट्रोजन स्थिरीकरण की प्रक्रिया में वातावरण की नाइट्रोजन को किस यौगिक में बदला जाता है ? $\frac{1}{2}$

19. मिट्टी की खुदाई व वायु संचार में सहायता करने वाले किसान मित्र जीव का नाम लिखिए । $\frac{1}{2}$

20. वर्षा आधारित खेती का कितना प्रतिशत क्षेत्र खाद्य फसलों के अन्तर्गत आता है ? $\frac{1}{2}$

21. खरपतवारों को कितनी श्रेणियों में बाँटा जा सकता है ? $\frac{1}{2}$

22. औद्योगिक दुर्घटना किस प्रकार का खतरा है ? $\frac{1}{2}$

23. खरपतवारों को हटाने व उर्वरक को बिना मिट्टी पलटे भूमि में मिलाने के लिए कौन सा यंत्र काम में आता है ? $\frac{1}{2}$

24. हाथ से फसल काटने के लिए किस मानव चालित यंत्र का उपयोग करते हैं ? $\frac{1}{2}$

25. मई से जुलाई तक जिनका बुवाई मौसम रहता है उन्हें किस ऋतु की फसल कहते हैं ? $\frac{1}{2}$

26. आम तौर पर हिमालय क्षेत्र में आने वाला प्राकृतिक खतरा कौन सा है ? $\frac{1}{2}$

27. कीटनाशकों के प्रयोग से किसान को कौन सा खतरा हो सकता है ? $\frac{1}{2}$

28. अनिद्रा से कौन सी स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या के लक्षण हो सकते हैं ? $\frac{1}{2}$

29. पेडी वीडर व वीडर हैरो में एक प्रमुख अन्तर लिखिए । $\frac{1}{2}$

30. गेहूँ के वृद्धि मौसम में प्रयोग होने वाले निराई उपकरण का नाम लिखिए । $\frac{1}{2}$

## खण्ड – (स)

**प्रश्न सं. 31 से 36 तक के प्रश्नों के उत्तर 3 से 4 पंक्तियों में दीजिए ।** **$(6 \times 1\frac{1}{2} = 9)$**

31. सौर विकिरण की तीन विशेषताएँ लिखिए जो पौधों की वृद्धि व विकास को प्रभावित करती हैं । $3\times\frac{1}{2}=1\frac{1}{2}$

32. तनाव प्रबंधन के कोई तीन उपाय लिखिए । $3\times\frac{1}{2} = 1\frac{1}{2}$

33. कल्पना कीजिए कि एक खेत में कार्यरत किसान से मिलकर आप उसकी दिनचर्या जानना चाहते हैं, तो कोई छ: प्रश्न लिखिए जो आप उससे पूछना चाहेंगे । $6\times\frac{1}{4} = 1\frac{1}{2}$

34. प्रभावी संचार के लिए आप जिन सिद्धान्तों का उपयोग करना चाहेंगे उनके नाम लिखिए । $6\times\frac{1}{4} = 1\frac{1}{2}$

35. हलकी ढलान वाली भूमि के लिए किस सिंचाई प्रणाली का उपयोग करेंगे ? कारण सहित समझाइए । $\frac{3}{4}\times 2 = 1\frac{1}{2}$

36. यदि किसान की भूमि टीलों युक्त है तो आप सिंचाई की कौन सी विधि अपनाने का सुझाव देंगे ? कारण सहित समझाइए । $\frac{3}{4} \times 2 = 1\frac{1}{2}$

## खण्ड – (द )

**$(2 \times 3 = 6)$**

**प्रश्न संख्या 37 व 38 में आन्तरिक विकल्प हैं तथा उत्तर लगभग आधा पृष्ठ में लिखिए ।**

37. जैविक उर्वरक रासायनिक उर्वरकों की तुलना में अच्छे क्यों माने जाते हैं ? किन्हीं दो जैविक उर्वरकों का वर्णन कीजिए । **$1 + 2 \times 1 = 3$**

**अथवा**

बायो फर्टिलाइजर किसे कहते हैं ? बायो फर्टिलाइजर के दो उदाहरण व दो लाभ लिखिए । **$1+2\times\frac{1}{2}+2\times\frac{1}{2}=3$**

38. हस्त चालित मोल्ड बोर्ड हल का चित्र बनाइए तथा कुल छ: भागों को नामांकित कीजिए । **$1\frac{1}{2} + 6 \times \frac{1}{4} = 3$**

**अथवा**

डिस्क हल का रेखाचित्र बनाइए तथा किन्हीं छ: भागों को नामांकित कीजिए । **$1\frac{1}{2} + 6 \times \frac{1}{4} = 3$**

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE